# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
### (Brief summary of proceedings)
## Monday, 23 March 2026 / 02 Chaitra 1948 (*Saka*)

**No. 23**
**11.02 AM**

**Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Speaker in-Chair**
***National Song (Vande Mataram)***

1. 11.06 AM The Chair welcomed the Members and requested them to maintain decorum during the sitting. The Chair further informed the House that no business other than the business listed for the day will be taken up for discussion by the House.

2. 11.08 AM **Tributes on Shaheedi Diwas:**

   The House paid tributes to Shaheed Bhagat Singh, Shaheed Sukhdev and Shaheed Rajguru on the occasion of '*Shaheedi Diwas'* on 23/03/2026.

3. 11.09 AM **Obituary References:**

   The House paid homage to the following :
   1. Sh. Ajit Panwar, Deputy Chief Minister of Maharashtra.
   2. Persons who lost their lives during fire incident in Sadh Nagar, Palam, Delhi on 18.03.2026.

   The House also observed two minutes silence as a mark of respect to the martyrs and departed souls.

4. 11.12 AM The Chair congratulated Indian Cricket Team on winning ICC T20 World Cup on 08 March 2026.

5. 11.13 AM Hon'ble Speaker announced the launch of the ***"Vidhan Saathi AI Chatbot"*** to assist members and make House proceedings more effective, research-oriented and data-driven.
   He informed that Members can access the chatbot by scanning the QR code provided on their desks. The platform offers instant research support in both Hindi and English and can also be used through voice commands.
   He further stated that this facility has been exclusively designed for the members of the Delhi Legislative Assembly.

6. 11.17 AM **Congratulatory Motion (Rule-114) :**
   **Shri Ashish Sood, Hon'ble Minister** congratulated Sh. Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister of India for making historic record on 22 March 2026 by becoming the longest-serving Head of Government in India, combining his tenure as Chief Minister and Prime Minister (8931 days).
   The following Members also congratulated:
   1. Sh. Manjinder Singh Sirsa, Hon'ble Minister
   2. Sh. Satish Upadhyay
   3. Shri Kulwant Rana
   4. Smt. Shikha Roy
   5. Sh. Tarvinder Singh Marwah
   6. Sh. Arvinder Singh Lovely
   7. Sh. Raj Kumar Bhatia
   8. Sh. Parvesh Sahib Singh, Hon'ble Minister
   9. Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister

   The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

7. 11.44 AM **Special Mention (Rule-280) :**

The following Members raised matters under Rule-280 with the permission of the Chair:

1. Sh. Kulwant Rana
2. Dr. Anil Goyal
3. Sh. Om Prakash Sharma
4. Sh. Ajay Kumar Mahawar
5. Sh. Sanjay Goyal
6. Sh. Sandeep Sehrawat
7. Sh. Mohan Singh Bisht
8. Sh. Chandan Kumar Choudhary

8. 12.08 PM **Presentation of the Economic Survey :**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** presented the Economic Survey of Delhi (2025-26)**.**

9. 12.09 PM **Election of Financial Committees:**
**Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister** moved the following motion:
*"That the Members of this House do proceed to elect in the manner required under Rule 192(2), Rule 194(2) and Rule 196(2) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Legislative Assembly of National Capital Territory of Delhi, nine Members each from amongst themselves to serve as Members of the Committee on Public Accounts, Committee on Estimates and Committee on Government Undertakings beginning from 1st April, 2026".*
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

10. 12.10 PM **Presentation of Reports:**

I. **Shri Mohan Singh Bisht, Hon'ble Deputy Speaker** presented **the Fourth Report of Business Advisory Committee.**

II. **Shri Ajay Mahawar** presented **the First Report of Committee on Public Accounts** and also made a brief statement.

III. **Shri Ajay Mahawar** presented **the Second Report of Committee on Public Accounts** and also made a brief statement.

IV. **Shri Ajay Mahawar** presented **the Third Report of Committee on Public Accounts** and also made a brief statement.

V. **Shri Parduyman Singh Rajput** presented **the Second Report (Interim Report) of Committee of Privileges** and also made a brief statement.

11. 12.34 PM **The Chair adjourned the House upto 01.45 PM for *Lunch-Break.***

12. 01.47 PM **House reassembled.**
**Hon'ble Speaker in-Chair.**

13. 01.48 PM **Statement made by Hon'ble Speaker:**
The Chair strongly condemned the protest by the Members of Opposition outside the House, stating that boycotting the proceedings undermines the dignity and parliamentary decorum of the House. Emphasising that the House is the proper forum for discussion in a democracy, he termed the Opposition's absence during the Budget Session as unfortunate.
He also expressed concern over the Leader of the Opposition's continued absence and noted that non-participation disrupts democratic processes. He stressed that the opposition's presence during the Budget Session is essential and important.
He urged Members of Opposition to attend the proceedings of the House and fulfill their responsibility towards the people of Delhi.

14. 01.53 PM **Sh. Kuldeep Solanki, Hon'ble Member** drew the attention of the House towards the major fire incident that occurred in Sadh Nagar, Palam on 18.03.2026

15. 01.54 PM **Statement made by Hon'ble Minister (Rule-270):**
**Shri Ashish Sood, Hon'ble Minister** made a statement regarding the major fire incident that occurred in Sadh Nagar, Palam on 18/03/2026 and Sh. Arvinder Singh Lovely, Hon'ble Member also expressed his views.

16. 02.30 PM **Papers laid on the Table:**

I. **Smt. Rekha Gupta, Hon'ble Chief Minister/Minister of Finance** laid the copies of the following Reports on the Table of the House :

i. State Finance Audit Report of the Comptroller and Auditor General of India relating to the Government of NCT of Delhi for the year ended 31 March 2021 (Report No.01 of 2022).

ii. The Comptroller and Auditor General of India report on Revenue, Economic, Social and General Sectors and PSUs relating to the Government of NCT of Delhi for the year ended 31 March 2020 and 2021 (Report No.03 of 2022).

iii. The Comptroller and Auditor General of India report on Performance Audit Report on Children in need of Care and Protection relating to the Government of NCT of Delhi for the year ended 31 March 2021(Report No. 01 of 2023).

iv. State Finance Audit Report of the Comptroller and Auditor General of India relating to the Government of NCT of Delhi for the year ending 31 March 2022 (Report No. 02 of 2023).

v. State Finances Audit Report of the Comptroller and Auditor General of India relating to the Government of NCT of Delhi for the year ended 31 March 2023 (Report No.02 of 2024).

vi. Audit Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended 31 March 2022 relating to the Government of NCT of Delhi (Report No.05 of 2024).

vii. Report of the Comptroller and Auditor General of India on "functioning of Delhi Jal Board for the year ended 31 March 2022" relating to Government of NCT of Delhi (Report No. 3 of 2025).

viii. Report of the Comptroller and Auditor General of India on "functioning of Universities of GNCTD for the year ended 31 March 2023" relating to Government of NCT of Delhi (Report No. 4 of 2025).

ix. Notification No. F. No. FIN-SRD016/2/2025-SRD-FINANCE DEPARTMENT dated 22/12/2025 regarding Delhi Excise (Amendment) Rules, 2025 (Hindi & English Version).

II. **Shri Ashish Sood, Hon'ble Minister of Higher Education** laid copies of the following on the table of the House :

i. Annual Accounts alongwith Separate Audit Report of the CAG & Action Taken Report on the SAR (English Version) and Annual Report of the Indraprastha Institute of Information Technology Delhi (IIITD) for the financial year 2021-22 and 2022-23 (Hindi & English Version).

ii. Separate Audit Reports of Comptroller and Auditor General of India on the Accounts of Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) for the year ended 31/03/2011, 31/03/2012, 31/03/2013 and 31/03/2014 (Hindi & English Version).

iii. Annual Accounts alongwith Separate Audit Report (SAR) of Dr. Bhim Rao Ambedkar University of Delhi for the financial year 2022-23 (Hindi & English Version).

iv. Notification No. F. No. F.DE.15(375)/PSB/2025/9516-9524 dated 09/12/2025 regarding The Delhi School Education (Transparency in fixation and Regulation of Fees) Rules, 2025 (Hindi & English Version).

III. **Shri Manjinder Singh Sirsa, Hon'ble Minister of Food & Supplies** laid copies of the Weights and Measures Department (Department of Legal Metrology) Notification No. F. No. 12(2)/W&M/Enforcement/2023/ 10061-69 dated 27/1/2026 regarding Delhi Legal Metrology (Enforcement) Amendment Rules, 2026 (Hindi & English Version).

17. 02.32 PM The Chair announced that the CAG reports presented in the House today will be taken up for discussion on the 25 March 2026. He further informed that the reports of the Public Accounts Committee and the Privileges Committee presented today will also be discussed.

18. 02.33 PM **The Chair adjourned the House upto 11.00 AM on Tuesday, 24 March 2026.**

**Delhi**
**23 March, 2026**

**Ranjeet Singh**
**Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग–1
## (कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
## सोमवार, 23 मार्च, 2026 / चैत्र 02, 1948 (शक्)

संख्या–23

11.02 बजे श्री विजेंद्र गुप्ता, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।

*राष्ट्रीय गीत (वन्दे मातरम्)*

1. 11.06 बजे अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक के दौरान मर्यादा बनाये रखने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि सूचीबद्ध कार्य के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य को सदन द्वारा चर्चा के लिए नहीं लिया जाएगा।

2. 11.08 बजे **शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि :**
सदन ने दिनांक 23 मार्च, 2026 को *'शहीदी दिवस'* के अवसर पर शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव तथा शहीद राजगुरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

3. 11.09 बजे **निधन संबंधी उल्लेख :**
सदन ने निम्नलिखित को श्रद्धांजलि दी :
   I. श्री अजीत पवार, उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र।
   II. साधनगर, पालम, दिल्ली में दिनांक 18 मार्च, 2026 को हुई अग्नि दुर्घटना में मृतकों के प्रति।

सदन ने शहीदों तथा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया।

4. 11.12 बजे अध्यक्ष महोदय ने भारतीय क्रिकेट टीम को दिनांक 08 मार्च, 2026 को आईसीसी टी–20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी।

5. 11.13 बजे अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों की सहायता करने और सदन की कार्यवाही को अधिक प्रभावी, शोध–उन्मुख और डेटा–आधारित बनाने के लिए **''विधान साथी एआई चैटबॉट''** शुरू होने की घोषणा की।
उन्होंने बताया कि सदस्य अपनी डेस्क पर दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करके इस चैटबॉट का उपयोग कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में तत्काल शोध सहायता प्रदान करता है और इसका उपयोग वॉइस कमांड के माध्यम से भी किया जा सकता है।
उन्होंने आगे बताया कि यह सुविधा विशेष रूप से दिल्ली विधानसभा के सदस्यों के लिए तैयार की गई है।

6. 11.17 बजे **धन्यवाद प्रस्ताव (नियम–114) :**
**श्री आशीष सूद, माननीय मंत्री** ने श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री को भारत में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को मिलाकर सबसे लंबे समय (8931 दिन) तक कार्य करने वाले सरकार प्रमुख के तौर पर दिनांक 22 मार्च, 2026 को ऐतिहासिक रिकार्ड बनाने के लिए बधाई दी।
निम्नलिखित सदस्यों ने भी बधाई दी :
   1. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, माननीय मंत्री
   2. श्री सतीश उपाध्याय
   3. श्री कुलवंत राणा
   4. श्रीमती शिखा रॉय
   5. श्री तरविंदर सिंह मारवाह

6. श्री अरविंदर सिंह लवली
7. श्री राज कुमार भाटिया
8. श्री प्रवेश साहिब सिंह, माननीय मंत्री
9. श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनिमत से स्वीकार हुआ।

7. 11.44 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**

निम्नलिखित सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से नियम–280 के अंतर्गत मामले उठाये :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कुलवंत राणा | 5 | श्री संजय गोयल |
| 2 | डॉ. अनिल गोयल | 6 | श्री संदीप सहरावत |
| 3 | श्री ओम प्रकाश शर्मा | 7 | श्री मोहन सिंह बिष्ट |
| 4 | श्री अजय कुमार महावर | 8 | श्री चंदन कुमार चौधरी |

8. 12.08 बजे **आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री/वित्त मंत्री** ने दिल्ली का आर्थिक सर्वेक्षण (2025–26) प्रस्तुत किया।

9 12.09 बजे **वित्तीय समितियों के लिए निर्वाचन :**

**श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :

*''कि दिल्ली विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम–192 (2), नियम–194 (2) और नियम–196 (2) के अनुसरण में इस सदन के सदस्य 01 अप्रैल, 2026 से आरम्भ होने वाली कार्य अवधि के लिए लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से नौ–नौ सदस्यों का निर्वाचन करने हेतु अग्रसर होते हैं।''*

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनिमत से स्वीकार हुआ।

10. 12.10 बजे **प्रतिवेदनों का प्रस्तुतीकरण :**

**I.** **श्री मोहन सिंह बिष्ट. माननीय उपाध्यक्ष** ने कार्य मंत्रणा समिति का **चौथा प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया तथा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिया।

**II.** **श्री अजय महावर, माननीय सदस्य ने** लोक लेखा समिति का **प्रथम प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया तथा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिया।

**III.** **श्री अजय महावर, माननीय सदस्य ने** लोक लेखा समिति का **द्वितीय प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया तथा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिया।

**IV.** **श्री अजय महावर, माननीय सदस्य ने** लोक लेखा समिति का **तृतीय प्रतिवेदन** प्रस्तुत किया तथा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिया।

**V.** **श्री प्रद्युम्न सिंह राजपूत, माननीय सदस्य ने** विशेषाधिकार समिति का **द्वितीय प्रतिवेदन (अंतरिम रिपोर्ट)** प्रस्तुत किया तथा संक्षिप्त वक्तव्य भी दिया।

11. 12.34 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन भोजनावकाश के लिए अपराह्न 01.45 बजे तक स्थगित किया।**

12. 01.47 बजे **सदन पुनः समवेत हुआ।**

**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए।**

13. 01.48 बजे **अध्यक्ष महोदय द्वारा वक्तव्य :**

अध्यक्ष महोदय ने सदन के बाहर प्रतिपक्ष के सदस्यों के विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कार्यवाही का बहिष्कार करने से सदन की गरिमा और संसदीय मर्यादा को ठेस पहुंचती है। इस बात पर जोर देते हुए कि सदन लोकतंत्र में चर्चा और बहस का समुचित मंच है, उन्होंने बजट सत्र के दौरान प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की लगातार अनुपस्थिति पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि भागीदारी न होने से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधा पहुंचती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बजट सत्र के दौरान प्रतिपक्ष की उपस्थिति आवश्यक और महत्वपूर्ण है।

उन्होंने प्रतिपक्ष के सदस्यों से सदन की कार्यवाही में भाग लेने तथा दिल्ली के लोगों के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का अनुरोध किया।

14. 01.53 बजे **श्री कुलदीप सोलंकी, माननीय सदस्य** ने सदन का ध्यान दिनांक 18 मार्च, 2026 को साधनगर, पालम में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना की ओर दिलाया।

15. 01.54 बजे **माननीय मंत्री द्वारा वक्तव्य (नियम–270) :**

**श्री आशीष सूद, माननीय मंत्री** ने दिनांक 18 मार्च, 2026 को साधनगर, पालम में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के संबंध में वक्तव्य दिया।

**श्री अरविंदर सिंह लवली, माननीय सदस्य** ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

16. 02.30 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात :**

I. **श्रीमती रेखा गुप्ता, माननीय मुख्यमंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीं :

i. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, राज्य वित्त लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2022 का प्रतिवेदन संख्या 01)

ii. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2020 एवं 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों तथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर प्रतिवेदन (वर्ष 2022 का प्रतिवेदन संख्या 03)

iii. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2023 का प्रतिवेदन संख्या 01)

iv. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, राज्य वित्त लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2023 का प्रतिवेदन संख्या 02)

v. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, राज्य वित्त लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2024 का प्रतिवेदन संख्या 02)

vi. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2024 का प्रतिवेदन संख्या 05)

vii. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, दिल्ली जल बोर्ड की कार्य प्रणाली पर प्रतिवेदन (वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या 03)

viii. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से संबंधित, 'रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के विश्वविद्यालयों की कार्य प्रणाली' पर प्रतिवेदन (वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या 04)

ix. दिल्ली आबकारी (संशोधन) नियमावली, 2025 के संदर्भ में जारी अधिसूचना संख्या एफआईएन–एसआरडी016/ 2/2025–एसआरडी–वित्त विभाग, दिनांक 22 दिसंबर, 2025 (हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति)

II. **श्री आशीष सूद, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री** ने निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीं :

i. वित्त वर्ष 2021–22 तथा 2022–23 हेतु इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईआईटीडी) के वार्षिक लेखों सहित सीएजी का पृथक् लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और एसएआर पर कार्रवाई रिपोर्ट (अंग्रेजी प्रति) तथा वार्षिक प्रतिवेदन (हिंदी एवं अंग्रेजी प्रति)।

ii. समापन वर्ष 31.03.2011, 31.03.2012, 31.03.2013 एवं 31.03.2014 के लिए दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन। (हिंदी एवं अंगेजी प्रति)

iii. वित्त वर्ष 2022–23 हेतु डॉ0 भीम रॉव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के वार्षिक लेखा और पृथक् लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (हिंदी एवं अंग्रेजी प्रति)।

iv. दिल्ली विद्यालय शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) नियमावली, 2025 के संदर्भ में जारी अधिसूचना संख्या फा.सं. डी0ई0 15(375)/पीएसबी/2025/9516–9524 दिनांक 02 दिसंबर, 2025 (हिंदी एवं अंगेजी प्रति)

**III.** **श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री** ने दिल्ली विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) संशोधन नियम, 2025 के संदर्भ में जारी अधिसूचना संख्या फा.सं.12(2)/डब्ल्यू&एम/प्रवर्तन/2023 /10061–69 बांट एवं माप विभाग (विधि माप विज्ञान विभाग दिनांक 27 जनवरी, 2026 ( हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति) की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीं।

17. 02.32 बजे अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज सदन में प्रस्तुत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदनों पर दिनांक 25 मार्च, 2026 को चर्चा की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि आज सदन पटल पर प्रस्तुत लोक लेखा समिति और विशेषाधिकार समिति के प्रतिवेदनों पर भी चर्चा की जाएगी।

18. 02.33 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन मंगलवार, दिनांक 24 मार्च, 2026 को पूर्वाहून 11.00 बजे तक के लिए स्थगित किया।**

दिल्ली
23 मार्च, 2026

रंजीत सिंह
सचिव